


# लघु उद्योग भारती से छोटे उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

## भूपेन्द्र सिंह रावत पड़ौरा बने अध्यक्ष, महामंत्री रविन्द्र शिवहरे



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,21अगस्त।** अब शिवपुरी जिले में लघु उद्योग भारती संगठन का निर्माण किया गया है और आने वाली 23-24 को भोपाल में आयोजित वृहद कार्यक्रम में शामिल होकर सभी इस संगठन को जाने और इससे जुड़कर अपने व्यापार, कारोबार को बढ़ाने में सफलता व मार्गदर्शन प्राप्त करें। लघु उद्योग भारती के बारे में यह महत्वपूर्ण जानकारी अपने सारगर्भित उद्बोधनके माध्यम से मुख्य वक्ता सोबरन ड्क्षसह तोमर ने स्थानीय होटल मातोश्री में आयोजित लघु उद्योग भारती की नवगठित कार्यकारिणी के अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर संगठन के संयुक्त महामंत्री मध्यभारत प्रांत निर्मल सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे साथ ही मंचासीन अतिथियों में उद्योग व्यापार से जुड़े रमेशचंद अग्रवाल, एड. विष्णु गोयल, भरत अग्रवाल (नारियल वाले), रविन्द्र शिवहरे, दिनेश वर्मा मौजूद रहे।

लघु उद्योग भारती संगठन के भूपेन्द्र सिंह रावत पड़ौरा वाले बने जिलाध्यक्ष, रविन्द्र शिवहरे महामंत्री

जिला मुख्यालय पर उद्योग व्यापार को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योग भारती जिला इकाई शिवपुरी संगठन का निर्माण् कार्यक्रम में मौजूद मुख्य वक्ता सोबरन सिंह तोमर के समक्ष किया गया जिसमें संयुक्त महामंत्री मध्यभारत प्रांत निर्मल सिंह चौहान के द्वारा लघु उद्योग भारती कार्यकारणी की घोषणा गई जिसमें लघु उद्योग भारती इकाई शिवपुरी के संरक्षक रमेशचंद अग्रवाल, भरत अग्रवाल नारियल वाले, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष राकेश जैन अमोल, जिला महामंत्री रविंद्र शिवहरे, संयुक्त महामंत्री नितिन चौकसे, कोषाध्यक्ष दिनेश वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य संजीव सिंघल, सुश्री संसकृति जैन का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर रावत समाज अध्यक्ष यशपाल सिंह रावत, सूरज जैन, मनोज जैन, आर डी झा, अमित गुप्ता, दिनेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### वक्ताओं ने रखे अपने विचार

इस अवसर पर उद्योगपति विष्णु गोयल ने कहा कि लघु उद्योग भारती संस्था अटल बिहारी के समय से है, यह गैर राजनीतिक संगठन है जो पूरे प्रदेश में फैली हुई है, सदस्य बनकर जुड़े। भरत अग्रवाल (नारियल वाले) ने कहा कि लघु उद्योग भारती के माध्यम से छोटे छोटे व्यापारियों को समझे उनकी समस्याओं का निराकरण हो। जैकेट उद्योगपति रमेशचंद अग्रवाल ने कहा कि जैकेट के उद्योग को बढ़ावा मिले इसे लेकर एक्सपोर्ट करने की समस्या है, इसके लिए मार्गदर्शन जरूरी है। रविन्द्र शिवहरे ने कहा कि व्यापार हित में संस्था के कार्यों का होकर अब संगठन चलायमान होगा।

# प्रोफेसर सिकरवार स्मृति सम्मान समारोह गुरु शिष्य भाव संबंधों की रोचक बानगी : हृदेश



**शिवपुरी।** आज के समय में यह आश्चर्यजनक है कि किसी प्राध्यापक को गुरु शिष्य भाव संबंधों के सदृश उनके देहावसान के 10 वर्ष बाद भी उनके शिष्यों द्वारा प्रतिवर्ष बहुत गरिमा से स्मरण किया जा रहा है और उनकी स्मृति में उनके नाम पर स्थापित सम्मान के माध्यम से समाज जीवन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवाभावी व्यक्तित्वों का सम्मान किया जा रहा है। आमतौर पर सक्षम परिवार के लोग अपने रक्त संबंधियों, परिजनों की स्मृति में ऐसा करते हैं, लेकिन यह अपने तरह का विशिष्ट कार्यकम है जिसमें इस समारोह की आयोजन समिति में उनका कोई परिजन, कोई रक्तसंबंधी नहीं है। गुरु के प्रति शिष्यों की ऐसी अविचल श्रद्धा प्रोफेसर सिकरवार के महान व्यक्तित्व को रेखांकित करती है। प्रोफेसर सिकरवार स्मृति सम्मान समारोह गुरु शिष्य भाव संबंधों की रोचक बानगी है। उक्त विचार प्रोफेसर चंद्रपाल सिंह सिकरवार स्मृति सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के माननीय न्यायमूर्ति श्री हृदेश जी ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्मृति सम्मान 2025 से विभूषित सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गीता ज्ञान के मर्मज्ञ ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने गुरु-शिष्य संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु श्रीकृष्ण और शिष्य अर्जुन की भांति होना चाहिए। गुरु अपने शिष्य के जीवन में कौशल को विकसित करने वाला हो। गीता श्लोक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कर्म की कुशलता ही योग है।

मनुष्य के कर्म में कुशलता होनी चाहिए और कुशलता में कर्म होना चाहिए। समारोह को सारस्वत अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी ने कहा कि प्रोफेसर चंद्रपाल सिंह सिकरवार सर के बारे में लोगों से चर्चा के आधार पर जुटाई गयी जानकारी उनके विराट व्यक्तित्व के विषय में सोचने को विवश करती है। इतना बड़ा कार्यक्रम अनुशासन और गरिमा से हो रहा है यह शिष्यों में सिकरवार सर के गुणों और उनकी शिक्षाओं को परिलक्षित करता है। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट खंडपीठ ग्वालियर में मध्यप्रदेश शासन के अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि अपने ज्ञान और आचरण से जिन्दगी को समझने का सही नजरिया प्रोफ़ेसर सिकरवार सर ने इस अंचल के विद्यार्थियों को दिया. एक आदर्श प्राध्यापक का, एक आदर्श शिक्षक का जीवन कैसा होना चाहिए, यह सहजता के साथ उनके आचरण में परिलक्षित होता था. उन्होंने कभी भी अपनी राय से इस दुनिया को बदलने की कोशिश नहीं की, बल्कि हमेशा अपने आचरण और उदाहरण से लोगों को सही मार्ग पर ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के भाव के साथ चलने के लिए प्रेरित किया। स्मृति सम्मान समारोह में मंच पर पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन राठौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वागत भाषण तरुण अग्रवाल ने रखा। प्रोफेसर सिकरवार के जीवनवृत का रेखांकन केशव शर्मा ने किया। कार्यक्रम के संचालन की कमान प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार ने संभाली। आभार भरत भार्गव ने व्यक्त किया।

## संस्कृति सप्ताह के तहत महिलाओं के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**शिवपुरी।** समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी द्वारा मनाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के तहत गत दिवस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 40 से अधिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी-अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए अनुशासित खेल का परिचय दिया। यहां सभी खिलाडियो का उत्साहवर्धन संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया।जानकारी देते हुए समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी अध्यक्ष एड. शैलेन्द्र समाधिया, सचिव पुनीत जैन व महिला संयोजिका श्रीमती रबजीत ओझा ने संयुक्त रूप से बताया कि संस्था के द्वारा मनाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के तहत महिलाओं के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला संयोजिका रबजीत ओझा और कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष समाधिया और देव शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजिका संध्या शर्मा और सीमा गोयल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में 40 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को दो टीमों में बाँटा गया, यहां अलग-अलग ड्रेसों में टीमों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें नीली टीम और पीली टीम के रूप में महिलाओं ने ड्रेस पहनकर रोमांचक मुकाबले के बाद नीली टीम विजयी रही।

## नि:शुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन आज करैरा में

**शिवपुरी/करैरा**-झांसी के सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन विशेषज्ञ डॉ संजय गुलाटी, गुलाटी आई हॉस्पिटल झांसी द्वारा करेरा में डॉ अशोक गोयल अस्पताल में विशाल निश्शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया जा रहा है। उक्त शिविर का आयोजन स्व. डॉ अशोक गोयल जी की स्मृति में एवं गुलाटी आई हॉस्पिटल झांसी के सहयोग से किया जाता है। यह शिविर 22 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 1:30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। गुलाटी हॉस्पिटल के सूचना अधिकारी राजेश गुलाटी ने बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन फेको मशीन द्वारा निश्शुल्क गुलाटी आई हॉस्पिटल झांसी में किए जाएंगे। केवल लेंस की कीमत देना होगी। उक्त आयोजन में करेरा के चिकित्सक डॉ विकास साहू के मोबाइल न 8319771829 एवं गुलाटी हॉस्पिटल के सूचना अधिकारी राजेश के मोबाइल न 9415503096 से भी संपर्क किया जा सकता है। निश्शुल्क नेत्र जांच वा सलाह के लिए अशोक अस्पताल पर प्रात: 11 बजे से नंबर लगाए जायेंगे।

# सायबर सेल की मोबाइल बरामदगी की बड़ी कार्यवाही

## सायबर सेल द्वारा लोगों के खोये हुये 150 मोबाइल बरामद कर मोबाइल मालिकों को किए सुपुर्द



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,21अगस्त।** शिवपुरी सायबर सेल ने जिले मे लोगों के खोये हुये मोबाइलों को प्राप्त करने मे बड़ी सफलता हांसिल की है। शिवपुरी सायबर सेल द्वारा शिवपुरी जिले के आमजन के 150 मोबाइल कीमती करीबन 28 लाख रुपये के बरामद किये हैं, जिन्हें पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे आमजन को सुपुर्द किए।

शिवपुरी सायबर सेल द्वारा लोगों के प्राप्त आवेदनों पर खोये हुये मोबाइलों को वापस प्राप्त करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे लोगों के खोये हुये मोबाइल उन्हें वापस मिल सकें। शिवपुरी पुलिस के सतत प्रयासों से 150 खोये हुये मोबाइलों को वापस प्राप्त करने मे सफलता हांसिल की है। लोगों द्वारा सूचना दी गई थी की उनके मोबाइल अलग-अलग जगह पर अलग अलग समय अंतराल मे गुम/गिर गये हैं, पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुये एवं सायबर टीम की मदद लेते हुये राज्य के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान. बिहार महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा एवम् दिल्ली से खोए हुये मोबाइल वापस प्राप्त कर मोबाइल मालिकों को वापस मिल पाये हैं, जिनकी कीमत करीबन 28 लाख रुपये है। आमजन मे इस बात की खुशी है कि उनके खोये हुए मोबाइल भी मिल सकते हैं और पुलिस द्वारा खोए/गुम हुए मोबाइलों की बरामदी हेतु सतत प्रयास कीये जा रहे हैं । सायबर सेल शिवपुरी द्वारा वर्ष 2025 में अभी तक 250 मोबाइल फ़ोन बरामद कर लोगों को वापिस दिये गये। उक्त कार्यवाही मे मुख्य भूमिका सायबर सेल प्रभारी उनि धर्मेन्द्र सिंह जाट, सउनि अजय पाल, प्रआर. विकास सिंह चौहान, आर.आलोक व्यास, आर दामोदर परिहार, आर. मानवेन्द्र गुर्जर,आर. जलज रावत की सराहनीय भूमिका रही।

# शव को कंधों पर लेकर 4 फीट गहरी नदी पार करके किया संस्कार

## मामला पोहरी जनपद पंचायत के खरई जालिम गाँव का, जहां मुक्तिधाम का अभाव



**हितेश जैन**

**पोहरी,21अगस्त।** मानवता और मजबूरी का मार्मिक दृश्य शिवपुरी जिले के खरई जालिम गाँव में देखने को मिला। गाँव में मुक्तिधाम न होने की वजह से बुधवार को 15 वर्षीय विवेक पुत्र रामकुमार प्रजापति की अंतिम यात्रा एक कठिन संघर्ष बन गई। ग्रामीणों को शव को कंधों पर उठाकर हाथों में लकड़ियां लेकर लगभग चार फीट गहरे पानी से भरी पार्वती नदी पार करनी पड़ी। यह नजारा देखने वालों के लिए बेहद भावुक कर देने वाला था।

मंगलवार शाम विवेक पुत्र रामकुमार प्रजापति ने बीमारी के कारण इस दुनिया को अलविदा कह दिया। बुधवार को जब अंतिम संस्कार का समय आया तो पूरे गांव की आंखें नम थीं। शवयात्रा निकली, लेकिन रास्ता सीधा श्मशान तक नहीं जाता, बीच में बह रही थी पार्वती नदी। लगभग चार फीट पानी उफान मार रहा था, लेकिन रिश्तों की डोर और अंतिम संस्कार का फर्ज भारी पड़ा। ग्रामीणों ने विवेक के शव को कंधों पर उठाया और बहते पानी को चीरते हुए नदी पार की। दूसरी ओर पहुँचकर चिता सजाई गई और अश्रुपूरित नेत्रों से उसे विदाई दी गई। गांव में मुक्तिधाम न होने की यह मजबूरी वर्षों से चली आ रही है। ग्रामीण बताते हैं कि आसपास की ज़मीन निजी होने के कारण कोई स्थायी श्मशान भूमि तय नहीं हो पाई। लिहाज़ा फुलीपुरा और खरई जालिम के लोग नदी किनारे ही अंत्येष्टि करने को विवश हैं। यह दृश्य केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे गांव की विवशता को बयां करता है। जहां विकास की बातें होती हैं, वहां आज भी लोगों को अपनों की अंतिम विदाई के लिए नदी पार करनी पड़ती है।

# रिश्वत के लिए नही छोड़ा मुफ्त में मिला गैस-सिलेंडर

## प्रधानमंत्री जनमन आवास में ग्रामीणों से ली रिश्वत

## राजनैतिक रसूक के चलते कार्यवाही करने से कतरा रहे अधिकारी



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 21 अगस्त।** शिवपुरी जिले की पोहरी जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डोभा से मामला सामने आया है। जहां जीआरएस ने जनमन आवास में हितग्राहियों से पांच हजार से लेकर बीस हजार तक की रिश्वत ली, साथ ही जिस पर रिश्वत देने के लिए पैसा नहीं था तो उसके घर से मोदी द्वारा दिया गया लाडली बहना का सिलेंडर ले आया।

मामला शिवपुरी जिले की पोहरी जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डोभा का है। जहां जनमन आवास पर रिश्वत लेने का मामला सामने आया है जिसमें डोभा पंचायत के जीआरएस राजपाल कुशवाह ने लगभग सभी हितग्राहियों से ली,

यह मामला जब डोभा पंचायत की सरपंच आदिवासी के सामने आया तो सरपंच ने इसकी लिखित शिकायत जनपद अध्यक्ष रामकली आदिवासी से की जिसपर जनपद अध्यक्ष रामकली आदिवासी ने पंचायत की विजित मीडिया के साथ की, जहां हितग्राहियों ने सरपंच, जनपद अध्यक्ष और मीडिया के समक्ष अपनी आपबीती बयान की और सहायक सेक्रेटरी राजपाल कुशवाह पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए। हद तो तब हुई जब एक हितग्राही द्वारा बताया गया कि सहायक सेक्रेटरी रिश्वत में लाडली बहना का सिलेंडर तक ले गया। जिसकी लगातार शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही होने के कारण हितग्राहियों ने एफिडेविड कर शिकायत कलेक्टर को करने का मन बना लिया है।

### एक माह बीतने के बाद भी अभी तक नहीं हुई कार्यवाही

जनपद अध्यक्ष रामकली आदिवासी ने सारे मामले से जनपद सीईओ ब्रह्मेन्द्र गुप्ता को अवगत कराए लगभग एक माह बीत गया पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, कुछ ग्रामवासियों का कहना है कि सहायक सेक्रेटरी राजपाल कुशवाह पर कार्यवाही से जनपद सीईओ उनके राजनैतिक रसूक के चलते कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं।

> इनका कहना है...
> मामला मेरे संज्ञान में है, इस मामले में जांच दल गठित कर दिया है, जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।
> ब्रह्मेन्द्र गुप्ता, सीईओ
> जनपद पंचायत पोहरी

# खांदी में मासूम की मौत के बाद हरकत में आया विभाग, 14 कुपोषित बच्चे एनआरसी में भर्ती



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,21अगस्त।** खांदी गाँव में कुपोषण से हुई मासूम की दर्दनाक मौत ने प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग को झकझोर कर रख दिया। वर्षों से चल रही योजनाओं और करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी आदिवासी बस्तियों में मासूम बच्चे कुपोषण से जूझ रहे हैं। मौत के बाद जब विभाग की नींद टूटी, तब जाकर 14 कुपोषित बच्चों को पोहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

पोहरी ब्लॉक की आंगनबाड़ियों में कुपोषित बच्चों का मिलना विभागीय लापरवाही को उजागर करता है। शासन ने बच्चों की देखरेख के लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग दोनों को जिम्मेदारी दी है, लेकिन खांदी में हुई मौत और एनआरसी में भर्ती बच्चों की हकीकत इन योजनाओं की पोल खोल रही है।

### ये बच्चे हुए भर्ती

देहदे निवासी निकिल (1 वर्ष), दुल्हारा निवासी अनिल (2 वर्ष) और कार्तिक (4 वर्ष), मेहलोनी का विकास (1 वर्ष), मचा खुर्द की जुली (6 माह) और मुस्कान (8 माह), डिगडोली का समीर (10 माह), बेहटी निवासी गोमल (8 माह) और स्माइली (14 माह), टपरपुरा निवासी बलवीर (3 माह) और बीर (2 वर्ष), देहदे का नीतेश (1 वर्ष), अर्गरा निवासी मल्होत्रा (9 माह) और पूनम (10 माह) शामिल हैं।

> इनका कहना है...
> मैंने हाल ही में कार्यभार संभाला है। जानकारी मिलते ही तत्काल सभी बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया गया है।
> अमित यादव, प्रभारी
> परियोजना अधिकारी
> महिला बाल विकास
> विभाग पोहरी

## जिले में अभी तक 1143 .77 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**शिवपुरी**-जिले में 01 जून 2025 से अभी तक 1143.77 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 609.63 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अभी तक शिवपुरी में 917.60 मि.मी., बैरा में 1174 मि.मी., पोहरी में 1127 मि.मी., नरवर में 1653 मि.मी., करैरा में 1282.80 मि.मी., पिछोर में 950 मि.मी., कोलारस में 894 मि.मी., बदरवास में 1311.50 मि.मी. तथा खनियाधाना में 984 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

## इन क्षेत्रों में आज विद्युत प्रवाह बंद

शिवपुरी-मैन्टीनेन्स का कार्य किये जाने के कारण 11 के.व्ही. फतेहपुर फीडर से संबंधित क्षेत्रों में 22 अगस्त को विद्युत प्रभाव बंद रहेगा। उक्त 11 के.व्ही. फतेहपुर फीडर के बंद रहने से प्रात: 9 से दोपहर 2 बजे तक बीज गोदाम, दुबे नर्सरी, शारदा कालोनी, फतेहपुर गाँव, जाटव मोहल्ला, परिहार मोहल्ला, 26 नं. कोठी के पास आदि संबंधित क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।



# लोक सभा न विधान सभा,सबसे बड़ी है ग्राम सभा

**नवभारत न्यूज**

**नरवर,21अगस्त।** मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद के तत्वावधान में जिला शिवपुरी के करेरा में आयोजित त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए शीतला शंकर विजय मिश्र, मुख्य महामंत्री , अखिल भारतीय पंचायत परिषद ने भारत सरकार से माँग करते हुए कहा कि 73 वें एवं 74वें संविधान संशोधन की मूलभावनाओं के अनुरूप भारत सरकार स्वायत्तशासी संस्थाओं के सशक्तिकरण एवं पंचायती राज की सरकार गठित करने के लिये एक और संविधान संशोधन करे और पंचायती राज संस्थाओं के हित में पंचायती राज एक्ट का केंद्रीय सरकार का एक समान पंचायती राज माडल ऐक्ट बनाये ।

मिश्र ने स्पस्ट किया कि अनेक राज्य सरकारों ने अपने पंचायती राज अधिनियमों और नियमों में ऐसा प्राविधान किया है कि कलेक्टर / कमिश्नर किसी निर्वाचित प्रतिनिधि को निलम्बित कर सकते हैं। यह स्पष्ट रूप से अलोकतांत्रिक है और नौकर शाही को अनुचित शक्ति देता है।

सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्री अशोक सिंह जादौन, अध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ी करण के लिए आवश्यक है कि पंचायती राज ऐक्ट में वार्ड सभा एवं वार्ड समितियों हेतु भी प्रावधान किया जाना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि श्री महेंद्र कुमार सिंह यादव, उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कि संगठन में ही शक्ति होती है।

सम्मेलन के अध्यक्ष श्री अशोक सिंह सेंगर अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद ने अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रतिनिधियों से कहा कि मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद चलो गाँव की ओर अभियान एवं पंचायतों के सशक्तिकरण पंचायतीराज संस्थाओं को सफल बनाने के लिए प्रयत्नशील है सम्मेलन को मुख्य रूप से श्री महेंद्र सिंह यादव महासचिव श्री बहादुर सिंह यादव प्रधान, सचिव, अखिल भारतीय पंचायत परिषद,श्री महेंद्र सिंह बुंदेला सरपंच एवं सचिव अखिल भारतीय पंचायत परिषद,नरेंद्र सिंह चौहान सरपंच एवं प्रवक्ता मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद,श्री मती प्रीति सिंह,अध्यक्ष महिला विंग बद्रीदास बैरागी प्रदेश महासचिव, शैलेंद्र सिंह रावत प्रदेश प्रवक्ता, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शिवपुरी तथा कार्य समिति के सदस्य, पदाधिकारी गण के अतिरिक्त अनेकों अध्यक्ष जनपद पंचायत, सरपंच गण, बीडीसी एवं ज़िला पंचायत सदस्यों ने समस्याओं के संबंध में जानकारी देते हुए अपना सारगर्भित विचार व्यक्त किया।

## बड़े हनुमान मंदिर पर श्री राधा अष्टमी की तैयारी जोरों पर

शिवपुरी। रामकथा कलि कलुष बिभंजनि.. सब मनुष्यों के भीतर प्रसन्नता का संचार करते हुए रामकथा कलियुग के पापों का नाश करती है। श्री रामचरित मानस की इस चौपाई में राम कथा का संपूर्ण सार छुपा हुआ है। इसी क्रम में शिवपुरी के श्रीराम जानकी तुलसी आश्रम बड़े हनुमान मंदिर पर बृहद स्तरीय श्री राम कथा का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है, जिसमें विश्व विख्यात साध्वी महंत डॉ. प्रज्ञा भारती जी पधार रही है जिनके मुखारविंद से श्रद्धालुजन श्री राम कथा का श्रवण करेंगे। आयोजन के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास जी महाराज ने बताया कि सदगुरुदेव भगवान मोनी जी महाराज की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम कथा का आयोजन श्री राम जानकी तुलसी आश्रम बड़े हनुमान सेवा समिति के द्वारा किया जा रहा है जिसमें 22 अगस्त को कलश यात्रा 30 अगस्त को कथा का समापन होगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे बजे तक रखा गया है। तत्पश्चात 31 अगस्त को सुबह से संत सम्मेलन एवं पुष्प होली का कार्यक्रम रहेगा।

# फोरलेन हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने मवेशियों में मारी टक्कर

## कभी रात के अंधेरे में तो कभी दिन- दहाड़े हाईवे पर बैठे मवेशियों को रफ्तार रौंद रही



**नवभारत न्यूज**

**बदरवास,21अगस्त।** नगर से निकले फोरलेन हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और इसकी सबसे बड़ी कीमत बेजुबान मवेशी चुका रहे है। लगातार हो रहे हादसों के बाद भी न शासन जागा, न प्रशासन और न ही नगर परिषद। ताजा मामला बदरवास थाना क्षेत्र के बांसखेड़ा रोड़ के पास हाइवे पर जहां आधी रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से 10 मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई और चार घायल अवस्था में है जिन्हें मामूली चोटें आई हैं वह तो भाग गईं। इससे पहले फोरलाइन हाइवे पर सुमैला में भी ऐसा ही हादसा हो चुका है। सवाल यही है कि जब लगातार हादसे हो रहे हैं,फिर भी जिम्मेदार क्यों मौन हैं ?

आपको बता दें कि, मध्यप्रदेश के नेशनल हाईवे अब मवेशियों के लिए कब्रगाह बनते जा रहे हैं। कभी रात के अंधेरे में तो कभी दिन- दहाड़े हाईवे पर बैठे मवेशियों को रफ्तार रौंद देती है। ताजा मामला बदरवास में बांसखेड़ा मार्ग के पास फोरलेन हाइवे का है, जहां गुरुवार देर रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे बैठे मवेशियों को कुचल दिया। इस भीषण हादसे में मौके पर ही 10 मवेशियों की मौत हो गई। जिसकी गौसेवक ऋषि भर्ती ने बदरवास थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां लंबे समय से मवेशी खुले में घूम रहे हैं, लेकिन न नगर परिषद ने इन्हें पकड़ने की कोशिश की और न ही सड़क पर कोई चेतावनी चिन्ह या रफ्तार नियंत्रण की व्यवस्था की गई। कुछ दिन पहले भी हाइवे पर सुमैला गांव के पास ऐसा ही मंजर सामने आया था, जहां कई मवेशियों की जान गई थी। इसके बाद भी जमीनी हालात नहीं बदल सके हैं।

> इनका कहना...
>
> 
>
> हमें रात में ढ़ावा मालिक अरुण परिहार ने कॉल किया 2 : 30 मिनिट पर में और निखिल पहुंच गए थे हमने देखा गौमाता इधर - उधर मृत पड़ी थीं ट्रक खड़ा हुआ था ड्राइवर भाग गया था मौके पुलिस पहुंची हमने मिलकर उन्हें एक साइड किया, घायल गौवंश को मंडी प्रांगड़ में लेजाकर उपचार करवाया फिर जाकर थाने रिपोर्ट दर्ज करवाई।
> ऋषि भारती,गौसेवक
> बदरवास
>
> 
>
> मैं और ऋषि साथ में रात 2 :30 मिनिट पर पहुंचे, फोरलाइन पर बांसखेड़ा मार्ग के पास कई गौवंश घायल अवस्था में और मृत पड़ा हुआ था उन्हें साइड से किया चार घायल गौवंश को मंडी प्रांगड़ में लेजाकर उपचार कर देखभाल कर रहे हैं।
> निखिल बैरागी,गौसेवक
> बदरवास